BASUNDHARA TEACHERS' TRAINING COLLEGE
(A UNIT OF NORTH BIHAR EDUCATIONAL TRUST)
RECOGNISED BY NCTE-ERC, BHUBANESHWAR
AFFILIATED B.R.A BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
DR. U.S. ROY KNOWLEDGE PARK, SILOUT (NEAR MARKAN CHOWK) N.H. 28,
MUZAFFARPUR (BIHAR) PIN-843119

# News Paper Clips

## Academic Year 2022-2023

| Sl.No. | Activity | Newspaper | News Date | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Day Celebration "Independence Day" | Prabhat Kahabar | 17.08.2022 | 8 |
| 2. | Rally on " Vividhata Me Ekta" | Hindustan | 26.08.2022 | 4 |
| 3. | Extension Lecture on " Vividhata Me Ekta" | Hindustan | 26.08.2022 | 5 |
| 4. | Balika Diwas | Dainik Bhaskar | 23.09.2022 | 8 |
| 5. | Extension Lecture on "Water Conservation and Cleanliness Programme | Prabhat Khabar | 12.10.2022 | 6 |
| 6. | Faculty Exchange programme | Hindustan | 13.10.2022 | 7 |
| 7. | Orientation on " Grivancess & Redressal" | Prabhat Khabar | 16.10.2022 | 4 |
| 8. | Orientation Programme SC/ST/OBC | Dainik Bhaskar | 18.10.2022 | 5 |
| 9. | Student Exchange Programme | Prabhat Khabar | 20.10.2022 | 8 |
| 10. | Orientation Programmeof "Teaching &Non Teaching" | Prabhat Khabar | 13.11.2022 | 6 |
| 11. | Saraswati Puja | Hindustan | 28.01.2023 | 9 |
| 12. | Day Celebration "Republic Day" | Hindustan | 28.01.2023 | 8 |
| 13. | Extension Lecture on " NEP-2020" | Prabhat Khabar | 13.02.2023 | 2 |
| 14. | Rally on 'Jal Jeevan Hariyali" | Prabhat Khabar | 01.03.2023 | 6 |
| 15. | Placement Event | Dainik Bhaskar | 05.03.2023 | 5 |
| 16. | Rally on "Embryo Test" | Dainik Bhaskar | 19.03.2023 | 8 |
| 17. | Ambedkar Jayanti | Prabhat Kahabar | 15.04.2023 | 7 |
| 18. | Educational Tour | Dainik Bhaskar | 18.04.2023 | 5 |
| 19. | Blood Donation Camp | Hindustan | 10.05.2023 | 9 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20. | 2 Days Nation Seminar on "Quality Enhancement in Teacher Education Through Academic & Administration Audit(AAA)" | Hindustan | 10.05.2023 | 6 |
| 21. | Almuni Meet | Dainik Bhaskar | 17.05.2023 | 4 |

# Academic Year 2021-2022

| Sl.No. | Activity | Newspaper | News Date | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Student Exchange Programme | Dainik Bhaskar | 13.08.2021 | 6 |
| 2. | Faculty Exchange Programme | Prabhat Kahabar | 23.09.2021 | 8 |
| 3. | Extension Lecture on " Pariksha Pe Charcha" | Dainik Bhaskar | 13.11.2021 | 5 |
| 4. | Day Celebration On "Bihar Diwas" | Prabhat Kahabar | 23.03.2022 | 7 |
| 5. | Extension Lecture on " Voter right is constitutional Right" | Dainik Bhaskar | 01.05.2022 | 8 |

# Academic Year 2020-2021

| Sl.No. | Activity | Newspaper | News Date | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Day Celebration On "Youth day" | Dainik Jagran | 13.01.2021 | 4 |

# Academic Year 2019-2020

| Sl.No. | Activity | Newspaper | News Date | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 2. | Extension Lecture on " NCF-2005" | Prabhat Khabar | 13.02.2020 | 6 |
| 3. | Extension Lecture on " Use Of Action Research" | Prabhat Khabar | 23.02.2020 | 8 |

# Academic Year 2018-2019

| Sl.No. | Activity | Newspaper | News Date | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Day Celebration On "Ekta Diwas" | Prabhat Khabar | 01.11.2018 | 5 |
| 2. | Day Celebration On "Hussain Jayanti" | Dainik Bhaskar | 09.02.2019 | 8 |
| 3. | Day Celebration On "Tagore Jayanti" | Hindustan | 08.05.2019 | 6 |

# ACADEMIC YEAR 2022-2023

# देशभक्ति प्रस्तुति से छात्रों ने दर्शकों को किया मुग्ध

संवाददाता, मुजफ्फरपुर। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में समारोह का आयोजन किया गया। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर इस बार का समारोह विशेष था। कॉलेज के पूरे परिसर को फूलों के गमले, स्वत्रंतता आंदोलन के नायकों की तस्वीर और तिरंगे से सजाया गया था। कॉलेज के अध्यक्ष, प्राचार्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के बाद जयकारे से पूरा परिसर गूंजायमान हो उठा। कॉलेज के अध्यक्ष ने संविधान के महत्व, उसकी प्रस्तावना से लेकर समाजवादी, धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र जैसी अनूठी विशेषताओं की विस्तार से



चर्चा की। प्राचार्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। छात्र-छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। छात्रों ने अंधेर नगरी-चौपट राजा नाटक के मंचन से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

**News Paper Clips of Day Celebration**
**"Independence Day**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 17.08.2022**

# रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

**एजुकेशन रिपोर्टर, मुजफ्फरपुर**

वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सत्र 2022-23 के छात्र-छात्राओं ने विविधता में एकता उत्सव के तहत जागरूकता रैली निकाली। स्टूडेंट्स ने गांवों में जाकर लोगों को भारत के सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। बताया कि हम सभी को समाज में एकता और भाईचारा का भाव रखना चाहिए।

हमें किसी भी धर्म का अनादर नहीं करना चाहिए। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ.उमाशंकर राय, प्राचार्य डॉ.एसपी द्विवेदी, पंकज कुमार, मोनिका कुमारी, सुषमा कुमारी, रंजना सिन्हा, गीतांजलि, ममता, रवि रंजन, राकेश समेत अन्य स्टूडेंट्स और शिक्षकों ने भूमिका निभाई।



गांव में जागरूकता अभियान चलाते स्टूडेंट्स।

**News Paper Clips of Rally on " Vividhata Me Ekta"**
**Name Of publisher:- Hindustan**
**Published Dated: 26.08.2022**

# विविधता के बीच भी भारत में एकता, यही इसकी खुबसूरती




मुजफ्फरपुर. बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में "विविधता में एकता" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट वक्ता ने कहा कि भारतीय समाज की महत्त्वपूर्ण विशेषता है। यह वाक्यांश इस बात का भी सूचक है कि भारत किस प्रकार से विविधता पूर्ण संस्कृति, सामाजिक और जातीय तत्त्वों को अपनाते हुए निरंतर आगे बढ़ रहा है। यहां अपनी पहचान को अक्षुण्ण रखकर विविधता को अंगीकार करने की आजादी है। उन्होंने क्षेत्रीयता, भाषाई और अन्य आधार पर विविधताओं की व्याख्या की। कहा कि इन विविधताओं के बीच भी भारत में एकता है। यही इस देश की खुबसूरती है।

**News Paper Clips of Extension Lecture on " Vividhata Me Ekta"**
**Name Of publisher:- Hindustan**
**Published Dated: 26.08.2022**

# बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए करें प्रोत्साहित



**मुजफ्फरपुर।** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। प्राध्यापक प्रो.पंकज कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और उनके सशक्तिकरण व मानवाधिकारों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। कहा कि इंदिरा गांधी जैसी कुछ भारतीय महिलाओं के प्रयास से विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर महिलाओं की आवाज सशक्त हो सकी। कल्पना चावला जैसी अंतरिक्ष यात्री, मैरी कॉम जैसी एथलीट, सुष्मिता सेन जैसी ब्रह्मांड सुंदरी हुईं, जिन्होंने देश का मान वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के साथ ही महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्टूडेंट्स को शपथ दिलाया कि अपनी बेटी, बहन या आसपास की बालिकाओं को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रोत्साहित करें।

**News Paper Clips of Balika Diwas**
**Name Of publisher:- Dainik Bhaskar**
**Published Dated: 23.09.2022**

# जल के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं



**मुजफ्फरपुर।** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में जल संरक्षण विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता नरेंद्र कुमार ने कहा कि जल के बिना हमारा जीवन असंभव है। अगर जल नहीं होगा, तो धरती पर पेड़-पौधे भी नहीं होंगे। धरती पर हर प्रकार का जीवन जल पर ही निर्भर करता है। जल का महत्व बताते हुए जल के अभाव में मानव जाति पर मंडराने वाले संकटों के प्रति आगाह किया। जल की बचत के लिए छोटे-छोटे प्रयासों को व्यवहार में लाने की सलाह दी। उन्होंने केवल उतने ही पानी का उपयोग करने की सलाह दी, जितनी आवश्यकता है। घर पर खराब टोटी को बदलने, ब्रश करते समय टोटी खुली नहीं छोड़ने, पाइप लगाकर वाहनों को धोने आदि से बचने की सलाह दी। छात्र-छात्राओं को जल को संग्रह करने और लोगों को जागरूक करने को कहा।

**News Paper Clips of Extension Lecture on "Water Conservation and Cleanliness Programme**

**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**

**Published Dated: 12.10.2022**

# बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के टीचर्स ने एलपी शाही कॉलेज ऑफ एजु. में ली कक्षाएं




**मुजफ्फरपुर**। एलपी शाही कॉलेज ऑफ एजुकेशन के साथ हुए एमओयू के बाद बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के अध्यापकों ने वहां पहुंचे। अध्यापकों ने वहां की कार्य संस्कृति को देखा। इसके बाद कक्षाएं भी ली। छात्र-छात्राओं से फीडबैक भी प्राप्त किया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर प्रतिबद्ध दोनों संस्थानों की ओर से हुए एमओयू के बाद यह सकारात्मक पहल की गयी है। इससे दोनों संस्थानों को एकेडमिक क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा।

**News Paper Clips of Faculty Exchange programme**
**Name Of publisher:- Hindustan**
**Published Dated: 13.10.2022**

# ग्रीवांस रिड्रेसल सेल के समक्ष स्टूडेंट्स ने रखीं अपनी समस्याएं



**मुजफ्फरपुर।** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में ग्रीवांस रिड्रेसल सेल की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेल से जुड़े सदस्यों ने छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनीं। उन्हें कहा गया कि कॉलेज में सेल सक्रिय है और छात्र-छात्राएं बेझिझक अपनी समस्याएं सेल के सामने रख सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ही दर्जन भर से अधिक स्टूडेंट्स की समस्या का ऑनस्पॉट समाधान किया गया। मौके पर सेल के सभी सदस्य और कॉलेज के शिक्षक मौजूद थे।

**News Paper Clips of Orientation on " Grivancess & Redressal"**

**Name Of publisher:-Prabhat Khabar**

**Published Dated: 16.10.2022**

# एससी-एसटी को बताया उनका अधिकार




**मुजफ्फरपुर।** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में एससी-एसटी स्टूडेंट्स के लिए विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नामांकन से लेकर नौकरी तक में मिलने वाली छूट और विभिन्न नियमों की जानकारी दी गयी। उन्हें बताया गया कि सरकार ने उनकी पढ़ाई के लिए कई स्तर पर रियायत दी है। ऐसे में वे पढ़ाई के बल पर समाज में अपना स्थान कायम कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें अपने अधिकारो के बारे में जानना जरूरी है।

**News Paper Clips of Orientation Programme**
**SC/ST/OBC**
**Name Of publisher:-Dainik Bhaskar**
**Published Dated: 18.10.2022**

# बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एमओयू पर किया हस्ताक्षर




**मुजफ्फरपुर**। बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज और एलपी शाही कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। दोनों कॉलेज के शिक्षक और छात्र एक दूसरे संस्थान में जाकर वहां अध्ययन अध्यापन कर सकेंगे। इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। एमओयू के बाद बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के छात्र और शिक्षक एलपी शाही कॉलेज ऑफ एजुकेशन पहुंचे। यहां छात्रों ने शिक्षण पद्धति को देखा। वहीं प्राध्यापकों ने कक्षाएं ली।

**News Paper Clips Student Exchange Programme**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 20.10.2022**

# शिक्षक-कर्मियों को ओरिएंटेशन में दी गई जानकारी



**मुजफ्फरपुर।** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में टीचिंग और नन-टीचिंग कर्मियों के बीच ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षकों और कर्मियों ने अपना परिचय दिया। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन की ओर से उन्हें शिक्षण पद्धति, समय सारिणी, अनुशासन समेत अन्य तकनीकी बिंदुओं से अवगत कराया गया। वहीं तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मियों को उनके कार्य और दायित्व की जानकारी दी गयी। कहा गया कि वर्तमान समय में सबको तकनीकी रूप से सक्षम बनने की जरूरत है। इस कार्यक्रम के लिए कर्मियों ने कॉलेज प्रशासन का आभार जताया।

**News Paper Clips of Orientation Programmeof "Teaching &Non Teaching"**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 13.11.2022**

# गणतंत्र दिवस पर भव्य समारोह



मुजफ्फरपुर. बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सिलौत में 74वें गणतंत्र दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया. कॉलेज के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर रॉय ने राष्ट्रध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी. इसके बाद राष्ट्रगान हुआ. अध्यक्ष ने कहा कि यह देश की उपलब्धियों, विविधता, संस्कृति और देश के संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के महत्व का जश्न मनाने का अवसर है. इसके बाद कॉलेज सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी. छात्रा ने अतिथियों का स्वागत किया.

**News Paper Clips of Day Celebration**
**"Republic Day"**
**Name Of publisher:- Hindustan**
**Published Dated: 28.01.2023**

# बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सरस्वती पूजनोत्सव

मुजफ्फरपुर। सिलौत स्थित बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सरस्वती पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने पूरे भक्ति-भाव से मां की अराधना की। पूजनोत्सव को लेकर पूरे परिसर को पीले रंग से सजाया गया था. संध्या में भजनों की प्रस्तुति से पूरे परिसर मे भक्तिमय माहौल बन गया। सद्भावना और शांति की प्रतीक मां सरस्वती की पूजा के बाद लोगों के बीच पारंपरिक मिठाइयों और फलों का प्रसाद वितरित किया गया। संध्या आरती में छात्र-छात्राओं ने मां की पूजा की। साथ ही बुद्धि और ज्ञान का वर मांगा।

---

**News Paper Clips of " Saraswati Puja"**
**Name Of publisher:- Hindustan**
**Published Dated: 28.01.2023**

# नयी शिक्षा नीति में रोजगार के मुद्दों पर दिया गया है जोर



वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कार्यक्रम में शामिल अतिथि .

**मुजफ्फरपुर**. वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गुरुवार को पंजाब विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ मनोज चौधरी ने नई शिक्षा नीति-2020 पर विशेष व्याख्यान दिया.

डॉ चौधरी ने नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं से लोगों को अवगत कराया. प्रश्न उत्तर सत्र में उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया. बताया की नई शिक्षा नीति में कई ऐसी सुविधाएं दी गयी है. जिसकी मदद से स्टूडेंट्स यदि स्नातक में एक वर्ष की पढ़ाई के बाद चाहें तो बाहर निकल सकते हैं. यहां उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा. वहीं चार वर्ष के स्नातक में रिसर्च के साथ स्नातक की डिग्री मिल जाएगी. इसके साथ ही नई शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर से ही शिक्षा को रोजगारपरक बनाने पर जोर दिया गया है. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिव प्रकाश द्विवेदी, वरिष्ठ प्राध्यापक पंकज कुमार, विनोद कुमार समेत कॉलेज के अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

**News Paper Clips of Extension Lecture on " NEP-2020"**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 13.02.2023**

# जल-जीवन हरियाली से ही धरती पर खुशियाली




**मुजफ्फरपुर।** पर्यावरण के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है। हम विकास और अपनी बढ़ रही आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लगातार प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं। प्राकृतिक असंतुलन के कारण भीषण गर्मी और अन्य प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। ये बातें वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की ओर से जल-जीवन-हरियाली को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली के दौरान वक्ताओं ने कहीं। कहा कि जल-जीवन और हरियाली से ही धरती पर खुशियाली है। लोगों को भी पेड़ लगाने और जलाशयों को संरक्षित करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ.उमाशंकर राय, प्राचार्य डॉ.एसपी द्विवेदी, प्राध्यापक पंकज कुमार, मोनिका कुमारी, सुषमा कुमारी के साथ ही छात्रों में अमित, सौरभ, गौतम, प्रिया, ज्योति समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**News Paper Clips of Rally on 'Jal Jeevan Hariyali"**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 01.03.2023**

# बसुंधरा के 27 स्टूडेंट्स का हुआ प्लेसमेंट




**मुजफ्फरपुर**। बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। स्कूलों की ओर से आए प्रतिनिधियों ने कई स्तर पर छात्र-छात्राओं का टेस्ट लिया। लिखित टेस्ट और साक्षात्कार के बाद कुल 27 छात्र-छात्राएं अंतिम रूप से चयनित किए गए। संस्थान की ओर से बताया गया कि प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजन से स्टूडेंट्स में उत्साह का माहौल है। बेहतर प्लेसमेंट के लिए संस्थान अन्य जिलों के स्कूलों से भी संपर्क कर रही है।

**News Paper Clips of Placement Event**
**Name Of publisher:- Dainik Bhaskar**
**Published Dated: 05.03.2023**

# भ्रूण हत्या के खिलाफ बुलंद की आवाज




**मुजफ्फरपुर** । वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में भ्रूण हत्या के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने आसपास के गांवों में लोगों को बेटे-बेटियों में फर्क के मिथक को तोड़कर उन्हें भ्रूण हत्या को कानूनी अपराध बताया। कहा कि बेटे हों या बेटियां सबको जन्म लेने का अधिकार है। यदि हम बेटियों को गर्भ में ही मार देंगे तो पृथ्वी पर असंतुलन होगा और वह आपदा बनकर सामने आएगा। इसको रोकने को लेकर कानूनी प्रावधान भी किया गया है। शिक्षा से ही इस कुरीति को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ.उमाशंकर राय, प्राचार्य डॉ.एसपी द्विवेदी, प्राध्यापक पंकज कुमार, मोनिका कुमारी, सुषमा कुमारी के साथ ही छात्रों में अभिनव राज, सौम्या कुमारी, पीयूष, गुंजन, सुमित समेत अन्य मौजूद थे।

**News Paper Clips of Rally on "Embryo Test"**

**Name Of publisher:- Dainik Bhaskar**

**Published Dated: 19.03.2023**

# युवाओं को डॉ.आंबेडकर की जीवनी से सीख लेने की जरूरत

**संवाददाता, मुजफ्फरपुर।**
बाबा साहेब आंबेडकर की अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणीय है। वे एक मनीषी, योद्धा, नायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। ये बातें बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.एसपी द्विवेदी ने कहीं। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर को भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार और करोड़ों शोषितों, वंचितों दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को सम्मानीय जीवन देने के लिए हमेशा याद किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहेब की जीवनी से सीख लेने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



**News Paper Clips of Extention Lecture on " Ambedkar Jayanti"**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 15.04.2023**

# बीएड कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षिक परिभ्रमण




मुजफ्फरपुर। वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के बीएड और चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड के विद्यार्थियों ने सोमवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद कृषि विवि व वैशाली के ऐतिहासिक धरोहरों का परिभ्रमण किया। विद्यार्थियों में ईशान किशन, गौरव, आस्था, मोनालिसा, राजा, गीतांजलि, सुमंत गौतम, शिक्षक डॉ. एके शर्मा, पंकज कुमार, अनिल कुमार, प्रतिभा कुमारी, कीर्ति सरस्वती, विनोद कुमार आदि थे।

**News Paper Clips of “Educational Tour”**
**Name Of publisher:- Dainik Bhaskar**
**Published Dated: 18.04.2023**

हुआ है, वे भी आवेदन कर सकते हैं।

# वसुंधरा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार



मुजफ्फरपुर। वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गुरुवार को एजुकेशन में गुणवत्ता बढ़ाने पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के रजिस्ट्रार डॉ. केएस शेखर और संस्थान के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर राय ने किया। मुख्य अतिथि सच्चिदानंद सिंह और पंजाब विवि के प्रो. मनोज चौधरी थे।

**News Paper Clips of 2 Days Nation Seminar on "Quality Enhancement in Teacher Education Through Academic & Administration Audit(AAA)"**
**Name Of publisher:- Hindustan**
**Published Dated: 10.05.2023**

बंधक बना लिया. शिक्षकों ने जब एमआइटी के प्राचार्य को सूचना दी, तो

मिली है.

## कैंपस अलर्ट

# बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में चिकित्सा शिविर



**मुजफ्फरपुर.** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आइक्यूएसी की ओर से मंगलवार को चिकित्सा शिविर व रक्तदान शिविर लगाया गया. इसमें एसकेएमसीएच के चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार व प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ राम सेवक कुमार टीम के साथ थे. वहीं संस्थान के अध्यक्ष डॉ उमा शंकर राय, प्राचार्य शिव प्रकाश द्विवेदी व आइक्यूएसी प्रभारी प्रो अनिल कुमार की देखरेख में शिविर लगाया गया. प्राध्यापकों व प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. कई लोगों ने रक्तदान भी किया. कार्यक्रम में प्रो पंकज कुमार, प्रो कीर्ति सरस्वती, प्रो रंजना सिंह, प्रो दिलीप कुमार, प्रो गुणानंद राय, प्रो अंशुमन विक्रमादित्य, प्रो अजय मौर्या, लेखापाल प्रशांत कुमार, सहायक अखिलेश कुमार, नवीन कुमार, छात्र रौशन, चंदन, मंसूर, अग्र सिंघल, अमन, दीपक, सौरव, मृत्युंजय, अंशुमन ने सहयोग किया.

# बंगला विभाग में मनी टैगोर की जयंती

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के बंगला विभाग में मंगलवार को गुरुवर रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनायी गयी. विभाग के प्रभारी अध्यक्ष प्रो सुधा कुमारी ने टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की. वहीं अतिथि प्राध्यापक डॉ सुमन दास ने भी पुष्प अर्पित कर टैगोर के प्रति कृतज्ञता प्रकट की. डॉ दास ने टैगोर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विश्व बंधु बताया. इस अवसर पर बंगला विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ देवाश्री, विश्वविद्यालय गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ कुसुम कुमारी, प्रो संगीता रानी, प्रो रेणु कुमारी, डॉ किरण उपाध्याय, डॉ पूनम शर्मा, डॉ श्वेता प्रियदर्शनी, विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के डॉ बिनोद कुमार बैठा व विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के डॉ सुशांत कुमार ने भी पुष्पांजलि अर्पित की.

**News Paper Clips of " Blood Donation Camp"**
**Name Of publisher:- Hindustan**
**Published Dated: 10.05.2023**



## वसुंधरा ट्रेनिंग कॉलेज में पुरातन छात्र परिषद गठित



मुजफ्फरपुर। वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में पुरातन छात्र परिषद का गठन किया गया। परिषद में सूर्यकांत चौधरी को अध्यक्ष, महेश कुमार को सचिव और हिमांशु कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक प्राचार्य डॉ. शिव प्रकार द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पुरान छात्रों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रो. प्रतिभा कुमारी व प्रो. अनिल कुमार मौजूद थे।

## मुशहरी में बच्चों के बीच पूरक आहार का वितरण

**News Paper Clips of “Almuni Meet”**
**Name Of publisher:- Dainik Bhaskar**
**Published Dated: 17.05.2023**

BASUNDHARA TEACHERS' TRAINING COLLEGE
(A UNIT OF NORTH BIHAR EDUCATIONAL TRUST)
RECOGNISED BY NCTE-ERC, BHUBANESHWAR
AFFILIATED B.R.A BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
DR. U.S. ROY KNOWLEDGE PARK, SILOUT (NEAR MARKAN CHOWK) N.H. 28,
MUZAFFARPUR (BIHAR) PIN-843119

# ACADEMIC YEAR 2021-2022

# स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत रॉय कॉलेज में अध्ययन के लिए गये बसुंधरा के स्टूडेंट्स




**मुजफ्फरपुर**। रॉय कॉलेज ऑफ एजुकेशन के साथ हुए एमओयू के बाद बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स ने कॉलेज परिसर का भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने वहां की शिक्षण पद्धति को देखा। साथ ही कक्षाओं में भी शामिल हुए। कॉलेज के रिसर्च एंड डेवलपमेंट कमेटी की पहल पर छात्र-छात्राएं स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के हिस्सा बने। संस्थान की ओर से छात्र-छात्राओं को इससे होने वाले लाभ की जानकारी दी गयी।

**News Paper Clips of Student Exchange Programme**
**Name Of publisher:- Dainik Bhaskar**
**Published Dated: 13.08.2021**

# बसुंधरा के शिक्षकों ने रॉय कॉलेज ऑफ एजुकेशन में छात्रों का किया मार्गदर्शन




**मुजफ्फरपुर**। एलपी शाही कॉलेज ऑफ एजुकेशन के साथ हुए एमओयू के बाद बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के अध्यापकों ने वहां पहुंचे। अध्यापकों ने वहां की कार्य संस्कृति को देखा। इसके बाद कक्षाएं भी ली। छात्र-छात्राओं से फीडबैक भी प्राप्त किया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर प्रतिबद्ध दोनों संस्थानों की ओर से हुए एमओयू के बाद यह सकारात्मक पहल की गयी है। इससे दोनों संस्थानों को एकेडमिक क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा।

**News Paper Clips of Faculty Exchange Programme**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 23.09.2021**

# रिलैक्स रहकर करें परीक्षा की तैयारी



मुजफ्फरपुर। बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ श्याम पंडित ने स्टूडेंट्स को परीक्षा से जुड़ी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि हमें परीक्षा को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए। हम जितना रिलैक्स रहकर परीक्षा की तैयारी करेंगे। हमारा परिणाम उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने परीक्षा के दौरान योजना बनाने, समय का प्रबंधन से लेकर तनाव न लेने के टिप्स दिए। परीक्षा के दिनों में सोशल साइट्स से दूरी बनाने की बात भी उन्होंने कही। परीक्षा से जुड़े प्रश्नों का उत्तर भी उन्होंने दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में उनका स्वागत किया गया।

News Paper Clips of Extension Lecture on
" Pariksha Pe Charcha"
Name Of publisher:- Dainik Bhaskar
Published Dated: 13.11.2021

# समृद्ध विरासत, ज्ञान, सद्भावना व समरसता की पावन धरा है बिहार

**बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में समारोह का हुआ आयोजन**

**बिहार दिवस**



**संवाददाता, मुजफ्फरपुर।** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बिहार दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष, प्राचार्य व शिक्षकों ने सभी स्टूडेंट्स को बिहार दिवस की बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी व विभिन्न धर्मों की उद्गमस्थली है। इसके साथ ही यह महापुरुषों की जन्मस्थली, वीरों की कर्मभूमि भी है। इसका गौरवशाली इतिहास है। समृद्ध विरासत, ज्ञान, सद्भावना और समरसता की पावन धरा है। हम आपसी प्रेम, विश्वास, सामाजिक समरसता एवं धार्मिक सद्भाव रखते हुए अपने संकल्प व जन भागीदारी से बिहार की उन्नति, प्रगति और समृद्धि में हर प्रकार से निरंतर योगदान कर रहे है और करते रहेंगे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**News Paper Clips of Day Celebration On "Bihar Diwas"**

**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**

**Published Dated: 23.03.2022**

# मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य भी



**मुजफ्फरपुर।** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी। युवाओं को चाहिए कि वे मतदान के लिए स्वयं भी आगे आएं और ऐसे लोग जो सक्षम नहीं है, उन्हें मतदान के लिए सहयोग देकर बूथ तक पहुंचाए। मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। जब हम मतदान करेंगे तभी हम मजबूत सरकार का निर्माण कर पाएंगे। छात्र-छात्राओं से मतदान से जुड़े प्रश्न भी पूछे गये। सही उत्तर देने वालों को प्रोत्साहित किया गया।

**News Paper Clips of Extension Lecture on**
**" Voter right is constitutional Right"**
**Name Of publisher:-** Dainik Bhaskar
**Published Dated: 01.05.2022**

# ACADEMIC YEAR 2020-2021

# युवाओं को स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलने की जरूरत



**मुजफ्फरपुर।** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। प्राचार्य डॉ द्विवेदी ने विवेकानंद के जीवन मूल्यों पर भाषण दिया। उन्होंने युवा पीढ़ी पर विवेकानंद की शिक्षा का प्रभाव विषय पर प्रकाश डाला। कहा कि युवाओं को विवेकानंद के सिद्धांतों और बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**News Paper Clips Day Celebration On "Youth day"**
**Name Of publisher:- Dainik Jagran**
**Published Dated: 13.01.2021**

BASUNDHARA TEACHERS' TRAINING COLLEGE
(A UNIT OF NORTH BIHAR EDUCATIONAL TRUST)
RECOGNISED BY NCTE-ERC, BHUBANESHWAR
AFFILIATED B.R.A BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
DR. U.S. ROY KNOWLEDGE PARK, SILOUT (NEAR MARKAN CHOWK) N.H. 28,
MUZAFFARPUR (BIHAR) PIN-843119

# ACADEMIC YEAR 2019-2020

# एनसीएफ-2005 के प्रावधानों से स्टूडेंट्स को कराया अवगत



**मुजफ्फरपुर**। बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ-2005) को लेकर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में विशेषज्ञ दीपक कुमार ने एनसीएफ के तहत किए जा रहे बदलाव और प्रावधानों से स्टूडेंट्स को अवगत कराया। बताया कि एनसीएफ के तहत स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों के लिए वैश्विक मानकों के आधार पर पढ़ाई के घंटे निर्धारित किये गए हैं। स्कूलों के लिए प्रस्तावित पढ़ाई के नये कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पठन-पाठन के दबाव से राहत मिलेगी। साथ ही इससे बच्चे स्ट्रेस फ्री रहकर पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने सत्र के बाद प्रश्न-उत्तर भी किए। साथ ही छात्रों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

**News Paper Clips of Extension Lecture on**
**" NCF-2005"**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 13.02.2020**

# शिक्षा में शोध विषय पर विशेष व्याख्यान



मुजफ्फरपुर। बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में "यूज ऑफ एक्शन रिसर्च इन एजुकेशन" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ धर्मेंद्र द्विवेदी ने स्टूडेंट्स को एक्शन रिसर्च के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि एक्शन रिसर्च एक शोध पद्धति है। इसका उद्देश्य एक साथ किसी मुद्दे की जांच करना और उसका समाधान करना है। एक्शन रिसर्च एक ही समय में शोध और कार्रवाई करता है। एक्शन रिसर्च का उपयोग अक्सर सामाजिक विज्ञानों में किया जाता है। शोध की प्रकृति के कारण, इसे कभी-कभी कार्रवाई का चक्र या जांच का चक्र भी कहा जाता है। उन्होंने इसके सभी पहलुओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया गया। मौके पर कॉलेज के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**News Paper Clips of Extension Lecture on**
**" Use Of Action Research"**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 23.02.2020**

# ACADEMIC YEAR 2018-2019

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




**मुजफ्फरपुर**। बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ द्विवेदी ने कहा कि भारत जीवंत और विविधतापूर्ण राष्ट्र है। यहां विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं। लोग सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहते हैं। एकता के बिना जनशक्ति ताकत नहीं है. वरीय प्राध्यापक पंकज कुमार ने कहा कि सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात में हुआ था। वे भारतीय गणराज्य के संस्थापकों में से एक और पहले गृहमंत्री भी थे। उन्होंने भारत को एकजुट कर स्वतंत्र राष्ट्र बनाने व लोगों के एकीकरण की दिशा में काफी कार्य किया। इस परिचर्चा में बड़ी संख्या में छात्रों ने भी हिस्सा लिया। 1947 में स्वतंत्रता के बाद देश के एकीकरण में भारत के लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका की व्याख्या की। कहा कि 565 रियासतों, विशेषकर हैदराबाद के निजाम को एकजुट करने में लौह पुरुष का कार्य उल्लेखनीय है।

**News Paper Clips of Day Celebration On "Ekta Diwas"**
**Name Of publisher:- Prabhat Khabar**
**Published Dated: 01.11.2018**

# बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में जाकिर हुसैन की जयंती पर समारोह का आयोजन

**कार्यक्रम**

मुजफ्फरपुर. बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में जाकिर हुसैन की जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया. कॉलेज सह पाठ्यचर्चा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने जाकिर हुसैन के जीवन और विरासत पर विस्तार से चर्चा की. प्राचार्य डॉ द्विवेदी ने जाकिर हुसैन की जीवनी से छात्रों को अवगत कराया. उन्होंने उनके योगदान और बलिदान की अंतिम विरासत की ज्वलंत तस्वीर प्रस्तुत की. छात्रों के समूह की ओर से देशभक्ति गीतों की शृंखला प्रस्तुत की गयी. धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार ने किया. उन्होंने छात्रों की ओर से दी गयी सराहनीय प्रस्तुति को रेखांकित किया. मौके पर सैंकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

**News Paper Clips of Day Celebration On "Hussain Jayanti"**
**Name Of publisher:- Dainik Bhaskar**
**Published Dated: 09.02.2019**

# जिज्ञासा और प्रशंसा की नई भावना के साथ टैगोर के कार्यों का पता लगाएं

**मुजफ्फरपुर.** बसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सह पाठ्यचर्या समिति की ओर से टैगोर जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ.द्विवेदी ने टैगोर की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. छात्र-छात्राओं ने रवींद्र संगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी. राशिबाला समेत अन्य शिक्षकों ने अपने भाषण से छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया. उन्होंने टैगोर के योगदान और उनकी उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की. रेखा चौधरी ने टैगोर की साक्षरता और दार्शनिक योगदानों पर विस्तृत चर्चा की. उन्होंने शांति निकेतन के लिए टैगोर के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया. मन, शरीर और आत्मा को पोषण करने वाली समग्र शिक्षा के स्थान के रूप में इसके केंद्रीय उद्देश्य पर जोर दिया. धन्यवाद ज्ञापन रंजना सिंह ने किया. उन्होंने सभी प्रतिभागियो का आभार व्यक्त किया. कहा कि छात्रों को चाहिए कि जिज्ञासा और प्रशंसा की नई भावना के साथ टैगोर के कार्यों का पता लगाएं.

**News Paper Clips of Day Celebration**
**On "Tagore Jayanti"**
**Name Of publisher:- Hindustan**
**Published Dated: 08.05.2019**